**22-07-2009**

श्री जगदीश ठाकोर (पाटन): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पाटन गुजरात तथा आसपास के 57 ताल्लुकाओं को "डार्क जोन " घोषित किया गया है। अर्थात् पानी का जलस्तर सामान्य से कम होने पर डार्क जोन घोषित होता है जिससे इस क्षेत्र में सिंचाई हेतु बिजली के कनैक्शन वर्षो से नहीं दिये जा रहे हैं जिससे इस क्षेत्र के किसानों का हाल बेहाल है और अपने जीवनयापन के लिए अन्य प्रांतों में पलायन कर रहे हैं।

गुजरात सरकार से जब इस विषय में पूछा गया तो वे केन्द्र का विषय बताते हैं, किंतु गुजरात विधान सभा में जब इस विषय में प्रश्न पूछा गया तो जवाब दिया गया कि गत वर्षों में राज्य सरकार द्वारा चैक डैम, बड़े डैम, बोरीबंद, तलावड़ी बनाने और तालाबों की खुदाई कर पानी का संग्रह किया गया है। गत कई वर्षो से अच्छी वर्षा होने के कारण भू-जलस्तर में वृद्धि हुई है और जलस्तर ऊपर आया है।

यदि राज्य सरकार, गुजरात की विधान सभा में दिया वक्तव्य सही है तो मेरा इस सदन के माध्यम से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार राज्य सरकार को इस विषय में उचित दिशा-निर्देश दें, जिससे इन 57 ताल्लुकाओं को डार्क जोन श्रेणी से हटाया जाये और किसानों को सिंचाई हेतु बिजली कनेक्शन मिल सकें।